**Need to establish a sub-centre of AIIMS in Baghpat on the lines of a sub-centre of AIIMS in Jhajjar, Haryana-Laid**

**डॉ. राजकुमार सांगवान (बागपत) :** बागपत जिला ऐसा जिला है, जिसका जनसंख्या घनत्व अधिक और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता अत्यंत सीमित है । यहाँ के नागरिकों को गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु दिल्ली, चंडीगढ़ स्थित पहले से बोझिल उच्च संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों स्तर पर उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । देश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है । ऐसे में एम्स का एक उप-केंद्र बागपत जिले में स्थापित किया जाता है तो यह न केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश बल्कि हरियाणा और उत्तराखंड की सीमावर्ती जनता को भी सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा । हरियाणा के झज्जर जिले में स्थापित एम्स का उप-केंद्र ? नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट (NCI) ? एक सफल उदाहरण है, जो दिल्ली AIIMS का विस्तार है । जैसे झज्जर (हरियाणा) में एम्स का सब सेंटर स्थित है, वैसे ही बागपत में शुरूआत की जा सकती हैं । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि बागपत जिले की भौगोलिक व अन्य परिस्थितियों को देखते हुए बागपत जिले में एम्स का एक उप-केंद्र शीघ्र स्थापित किया जाए, जिससे बागपत जिले में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सके ।